Std.- IV

Hindi Literature

L- 8

होमवर्क का वायरस

शब्दार्थ

कठिन -- मुश्किल

समाप्त -- खत्म

सवाल -- प्रश्न

रुचि -- शौक

प्रश्न और उत्तर

प्रश्न 1. स्कूल से लौटते समय मीनू किस बात को लेकर परेशान थी ?

उत्तर -- स्कूल से लौटते समय मीनू स्कूल से मिलनेवाले गृहकार्य से परेशान थी।

प्रश्न 2. पिंकी मीनू के बुलाने पर खेलने क्यों नहीं गई ?

उत्तर -- मीनू के बुलाने पर भी पिंकी खेलने नहीं गई क्योंकि उसे गणित का गृहकार्य करना था ।

प्रश्न 3. मीनू जल्दी बड़ी होना क्यों चाहती है ?

उत्तर -- मीनू यह समझती थी कि बड़े होने पर उसे गृहकार्य नहीं करना पड़ेगा इसलिए वह जल्दी से जल्दी बड़ी होना चाहती है ।

प्रश्न 4. हमें होमवर्क क्यों करना चाहिए ?

उत्तर -- होमवर्क (गृहकार्य ) करने से हम पाठ के कठिन सवालों को भी समझ कर हल कर पाते हैं। जिससे पाठ को समझने का काम आसान हो जाता है । इसलिए हमें गृहकार्य करना चाहिए ।

प्रश्न 5 . मीनू के लिए होमवर्क करना आसान था । कैसे ?

उत्तर -- मीनू के पास कंप्यूटर था । इसलिए उसके लिए होमवर्क (गृहकार्य ) करना आसान था ।

प्रश्न 6. पिंकी अपना होमवर्क जल्दी क्यों समाप्त करना चाहती थी ?

उत्तर - रात को पिंकी का पसंदीदा कार्टून शो आने वाला था । इसलिए वह अपना होमवर्क (गृहकार्य ) जल्दी समाप्त करना चाहती थी ।

प्रश्न 6. मीनू कक्षा में क्यों रोने लगी ?

उत्तर -- कंप्यूटर में वायरस आने के कारण मीनू अपना गृहकार्य नहीं कर पाई थी । इसलिए वह कक्षा में रोने लगी ।

प्रश्न 8. अध्यापिका ने होमवर्क के बारे में बच्चों को क्या विशेष बातें समझाई ?

उत्तर - अध्यापिका ने बच्चों को समझाया कि होमवर्क (गृहकार्य ) तो हमेशा ही करना पड़ता है । क्रिकेटर अभिनेता आदि भी अपने कार्यों का अभ्यास करने में कठिन परिश्रम करते हैं। हम अपने स्कूल के होमवर्क (गृहकार्य ) को जितनी मेहनत से करेंगे , बड़े होने पर हमारा काम उतना ही आसान हो जाएगा।

प्रश्न 9. मीनू को किस पर होमवर्क करने का भरोसा था ?

उत्तर --मीनू को कंप्यूटर पर होमवर्क (गृहकार्य ) करने का भरोसा था ।

प्रश्न 10. मीनू और पिंकी को किस विषय का होमवर्क मिला था ?

उत्तर -- मीनू और पिंकी को गणित का होमवर्क (गृहकार्य ) मिला था ।

प्रश्न 11. मीनू अपना होमवर्क क्यों नहीं कर पाई ?

उत्तर -- कंप्यूटर में वायरस आने के कारण मीनू अपना होमवर्क (गृहकार्य ) नहीं कर पाई ।

प्रश्न 12. इन वाक्यों को किसने , किससे कहा ?

( क) "मैं अपना होमवर्क खुद ही करूँगी।" -- पिंकी ने मीनू से कहा।

(ख) "नीचे सभी सहेलियाँ प्रतीक्षा कर रही हैं ।" -- मीनू ने पिंकी से कहा ।

(ग) "चलो कपड़े बदल कर खाना खाओ ।" -- पिंकी की माँ ने पिंकी से कहा ।

(घ) "होमवर्क तो हमेशा ही करना पड़ता है ।"-- अध्यापिका ने बच्चों से कहा ।

भाषा संसार

प्रश्न 1 इन शब्दों के विलोम शब्द लिखें

आसान × कठिन

शुरू × खत्म

अगला × पिछला

अंदर × बाहर

अपना × पराया

जल्दी × धीरे

सवाल × जवाब

रात × दिन

प्रश्न 2 .नीचे दिए गये वाक्यों में से संज्ञा और सर्वनाम शब्दों को चुनकर लिखें ।

(क) मुझे घर पहुंचते ही होमवर्क करना है । संज्ञा - घर ,होमवर्क सर्वनाम - मुझे

(ख) क्या तुमने गणित का होमवर्क कर लिया ? संज्ञा - गणित , होमवर्क सर्वनाम - क्या , तुमने।

(ग) वह कंप्यूटर पर काम कर रही है । संज्ञा - कंप्यूटर , सर्वनाम - वह

(घ) दो घंटे में उसका होमवर्क समाप्त हो गया । संज्ञा - घंटे , होमवर्क

सर्वनाम - उसका

(ङ) हमारा स्कूल बहुत बड़ा है । संज्ञा - स्कूल , सर्वनाम - हमारा

प्रश्न 3. इनसे दो - दो शब्द बनाएँ।

ध्य -- अध्ययन , ध्यान

प्त -- प्राप्त , समाप्त

च्छ -- इच्छा , स्वेच्छा

च्च -- कच्चा , सच्चा

भ्य -- सभ्य , अभ्यास

ल्द -- हल्दी , जल्दी